तापमान

अधिकतम 22.2 डिग्री

न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 24 जनवरी 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

13 सलिहाभांठा में निकाली गई कलश यात्रा, रहा...

14 रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर झूम उठा पूरा इमलीभाठा

खबर संक्षेप

शिक्षा मंत्री अग्रवाल करेंगे ध्वजारोहण

महासमुंद। जिले में 26 जनवरी 2024 (गणतंत्र दिवस) को पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय महासमुंद के मुख्य समारोह में प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इस आशय के आदेश छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय (महानदी भवन) से सोमवार को जारी कर दिए गए हैं। जिला स्तरीय मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में प्रातः 9 बजे शुरू होगा। कलेक्टर प्रभात मलिक ने सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

कार ने स्कूटी को मारी ठोकर

महासमुंद। बागबाहरा थाना क्षेत्र के तेंदूलोथा के पास मारुति बलेनो वाहन सीजी 07 सीएफ 8640 का चालक ने अपनी कार को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ग्राम परसुली थाना कोमाखान के घनश्याम साहू पिता जुगल किशोर साहू 82 साल के स्कूटी सीजी 04 एमइ-2430 को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोटें आई। पुलिस से आरोपी चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई में लिया है।

जुर्माना बेअसर, जिले में नहीं रूक रहा रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एक माह के भीतर हथखोज महानदी घाट में उत्खनन

- खनिज विभाग ने जब्त हाईवा पर लगाया 25-25 हजार का जुर्माना लगाया

कर रेत का परिवहन कर रहे वाहनों पर दो बड़ी कार्रवाई करने के बावजूद अवैध कारोबार पर खनिज अमला रोक नहीं लगा पा रहा है। जिले के रेत घाट बंद होने के बावजूद भारी वाहनों में रेत निकासी और सप्लाई बदस्तूर जारी है। जुर्माना लगाया जाना भी बेअसर साबित हो रहा है। ठोस कार्रवाई के अभाव में जुर्माना भरकर फिर से रेत के अवैध कारोबार में जुट जा रहे हैं। बता दें कि जिले की महानदी की रेत की क्वालिटी अच्छी होने के कारण यहां की रेत की डिमांड राजधानी रायपुर तक रहती है। इसके कारण रेत के दाम भी आसमान छू रहे हैं। खनिज विभाग के अधिकारियों का नियंत्रण नहीं होने के कारण नियम कानूनों को ताक पर रखकर रेत माफिया नदियों का सीना छलनी कर रहे हैं।

रेत से भरे ओवरलोड वाहनों की वजह से एनएच और ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें भी खराब हो रही हैं। इसे लेकर दो पूर्व नांदगांव के ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया था। नांदगांव के ग्रामीणों ने भी हंगामा कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि महानदी से रेत माफिया हथखोज से चिंगरौद, बम्हनी, नांदगांव होते हुए एनएच-353 में की ओर जाते हैं। इस वजह से उनके गांव की सड़क जर्जर हो चुकी है।

ठोस कार्रवाई के अभाव में चालान चुकाकर फिर जुट जा रहे रेत के अवैध कारोबार में

दो बार की जा चुकी है बड़ी कार्रवाई

खनिज विभाग की रायपुर टीम ने नांदगांव के आसपास नाकेबंदी कर तकरीबन 25 से 30 हाईवा को रोका और उनका तौल कराया। इनमें से 25 हाईवा ओवरलोड पाए गए, जिसके बाद इन पर 25 हजार प्रति हाईवा का जुर्माना लगाया। इसी तरह 20 दिसंबर को भी हथखोज घाट पर 27 हाइवा सहित तीन माउंटेन चेन मशीन पर कार्रवाई की गई थी। लेकिन, जुर्माना पटाने के बाद फिर से अवैध कारोबार पर लग गए।

ठोस कार्रवाई के अभाव में हौसले बुलंद

रेत माफियाओं को खनिज विभाग को बिलकुल भी डर नहीं रहा। स्थानीय खनिज विभाग को शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं करता। वहीं स्थिति यह है कि ग्रामीणों की शिकायतों पर रायपुर की टीम आकर कार्रवाई करती है। इधर, पकड़े जाने पर कुछ दिन वाहनें थानों में खड़ी रहती है। जिसे विभाग द्वारा मामूली पेनाल्टी लगाकर छोड़ दिया जाता है। अवैध उत्खनन रुकने की बजाय केवल खनिज विभाग जुर्माना कार्रवाई की बात कही जाती है।

विडंबना : धान बेचने के लिए किसानों के पास सिर्फ 4 दिन, खरीदी लक्ष्य पाना मुश्किल

तारीख नहीं बढ़ी तो सरकारी दर पर धान बेचने से वंचित हो जाएंगे हजारों किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बदली-बारिश के बीच समितियों में धान की खरीदी तेजी से चल रही है। इसकी मुख्य वजह धान खरीदी की अंतिम तारीख को अब सिर्फ चार दिन शेष हैं और करीब 11 हजार किसानों को एक बार भी धान बेचने का मौका नहीं मिलना है। हालांकि, खरीदी की लिमिट बढ़ाने के बाद रोजाना 5-6 हजार किसान धान बेच पा रहे हैं। लेकिन, ऐसे किसानों की तदाद हजारों में हैं, जो एक या दो बार ही बेच पाएं हैं और उनके पंजीकृत रकबा के मुताबिक अभी और धान बेचा जाना है।

पिछले कुछ दिनों से बादल छाए रहने और बारिश ने किसानों व अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। सोमवार और मंगलवार को भी हल्की बारिश और बदली के बाद प्रबंधक समितियों में रखे जाने वाले

धान को बारिश से बचाने जुगाड़ करते रहे। वहीं, किसानों को अपनी उपज की सुरक्षा के साथ ही बेचने की फिक्र भी सताए जा रही है। क्योंकि, जिले के हजारों किसानों को पहली बार धान बेचने का मौका मिला है और इस दौरान बारिश हो जाती है, तो उनका इंतजार और लंबा हो जाएगा। बता दें कि मंगलवार तक जिले के करीब एक लाख 47 हजार किसानों द्वारा 97 लाख क्विंटल धान का विक्रय किया गया है। जबकि, सरकारी दर पर अभी भी 11 हजार किसान एक बार भी अपनी उपज बेच नहीं पाएं हैं। हालांकि, बाकी बचे चार खरीदी दिवस में इन किसानों से धान खरीद लिया जाएगा। इसके बावजूद हजारों किसान अब भी पूरी उपज बेच नहीं पाए हैं। यह तभी संभव हो पाएगा, जब खरीदी की तारीख बढ़ाई जाएं।

खरीदी लक्ष्य से 21 लाख क्विंटल पीछे

जिले के पंजीकृत एक लाख 58 हजार 739 किसानों की भूमि का रकबा 2 लाख 28 हजार 614.5506 हेक्टेयर है। 21 क्विंटल के मान से इन किसानों से करीब 118 लाख क्विंटल धान खरीदा जाना है। याने कि अब तक खरीदी लक्ष्य से 21 लाख क्विंटल पीछे है। जिले के सभी पंजीकृत किसानों से धान खरीदने के लिए बाकी बचे दिनों में रोजाना 5 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदना होगा।

आज खरीदी फिर चार दिन बंद

सरकारी दर पर खरीदे जा रहे धान की अंतिम तारीख 31 जनवरी है, जिसमें महज 8 दिन शेष हैं। लेकिन, इन आठ दिनों में आधे दिनों तक खरीदी बंद रहेगी और सिर्फ चार दिन खरीदी की जाएगी। आज बुधवार को खरीदी किए जाने के बाद अगले चार दिन तक खरीदी बंद रहेगी। 25 जनवरी को छेरछेरा, 26 को गणतंत्र दिवस, 27 को शनिवार और 28 जनवरी को रविवार के कारण धान खरीदी बंद रहेगी।

शराब एवं 3350 किलो महुआ लाहन बरामद

महासमुंद। अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जायसवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी आबकारी मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के मार्गदर्शन में विगत दिवस मुखबीर सूचना के आधार पर आबकारी टीम द्वारा आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत ग्राम धरमपुर- डिपापारा थाना-सांकरा से लगे जंगल एवं नाले में अलग-अलग 02 स्थानों से अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब कुल मात्रा 260 लीटर एवं 3350 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद होने पर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), 34(2), 34(1)(च) एवं 59(क) के तहत प्रकरण कायम किया गया। उक्त कार्यवाही आबकारी वृत्त सांकरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के दौरान आबकारी स्टाफ पिथौरा उपस्थित थे।

ठंडी हवा चलने से तापमान में एकाएक गिरावट, दिन में भी छूट रही कंपकंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एक हफ्ते से बादल छाए रहने के कारण तापमान में काफी गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को ठंडी हवाएं चलने से तापमान में

एकाएक 5 डिग्री की गिरावट आ गई, जिससे दिन में भी लोग कंपकंपी महसूस करते रहे। जबकि, इससे पूर्व बदली के बावजूद दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री के आसपास रहा। वहीं, रात का तापमान भी 14 डिग्री के बीच रहा, जिससे ठंड तकरीबन गायब हो गई थी। लेकिन, बदली के साथ ही हवा चलने से ठंड में एकाएक वृद्धि हो गई है।

बता दें कि फिलहाल लगातार जारी बदली से जहां लोगो की सेहत पर विपरीत असर पड़ रहा है। वहीं, उन्हारी फसलों में कीट प्रकोप बढ़ गया है। लगातार बदली बारिश से सर्दी, खांसी और वायरल फीवर की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की तदाद बढ़ गई है।

चिकित्सक ठंड से बचने एवं ठंडी चीजों के खाने से परहेज करने की सलाह दे रहे हैं। इधर, धान की कटाई के बाद बोए गए तिवरा, सरसो के फसल उत्पादन पर असर पड़ रहा है। बदली बारिश से इनके फूलों में दाने नहीं बन रहें और कीट प्रकोप भी बढ़ गया है। इससे किसानों को दवाईयों का अतिरिक्त डोज का छिड़काव करना पड़ रहा है। इधर, मौसत विज्ञानिक तीन से चार दिनों तक इसी तरह के मौसम के रहने की संभावना व्यक्त कर रहें।

जिले का तापमान रहा 21 डिग्री

जिले में आज का न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस था, जो कि सामान्य से एक डिग्री कम है। वहीं, अधिकतम तापमान 21 डिग्री रहा। जबकि, 20 किमी प्रति घंटा क रफ्तार से हवा चलीं। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि जैसे ही बादल छटेंगे और वातावरण से नमी कम होगी, तेज धूप के कारण दिन का तापमान बढ़ेगा और रात में पारा गिरेगा। मौसम पूरी तरह साफ होने में थोड़ा वक्त लगेगा।

युवक से मारपीट जुर्म दर्ज

महासमुंद। मारपीट के मामले में बागबाहरा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रार्थी पुनारद ठाकुर पिता लखन लाल (28) निवासी ग्राम सालडबरी ने पुलिस को बताया कि आरोपी संतोष ठाकुर, चरण ठाकुर, भगत ठाकुर ने एक राय होकर उसके छोटे भाई के साथ मारपीट की। प्रार्थी के रिपोर्ट पर से तीनो आरोपियों पर अपराध कायम कर धारा 294, 323, 34 जुर्म दर्ज कर लिया है।

कांग्रेसियों ने जयंती पर नेताजी को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस भवन में भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया था। सुभाष चंद्र बोस द्वारा जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया था। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा भी उसे समय अत्यधिक प्रचलित था। नेताजी ने जुलाई 1943 को सिंगापुर के टाउन हॉल के सामने सुप्रीम कमांडर के रूप में सेना को संबोधित करते हुए दिल्ली चलो का नारा दिया, जिससे अंग्रेजों के खेमे में एक भय का वातावरण निर्मित हो गया। 1938 में कांग्रेस के 51वां राष्ट्रीय अधिवेशन की अध्यक्षता नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने की थी। उस समय नेताजी की बहुत बड़े नेता के रूप में एक पहचान बन गई थी। आजादी की लड़ाई में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा राष्ट्र के लिए किए गए कार्यों को याद कर कांग्रेसजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पुष्पांजलि दी।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष खिलावन बघेल, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष हरबंस सिंह

ढिल्लो, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, पूर्व एल्डरमैन गुरमीत चावला, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, हार्दिक सोना, मोती साहू, लीलू साहू, बसंत चंद्राकर, मो.इमरान कुरैशी, किशन देवांगन, सचिन गायकवाड़, चंद्रेश साहू, अब्दुल जावेद, रवि सिंग ठाकुर, टोमन सिंग कागजी, तुलसी देवदास आदि मौजूद रहे।

ईंट भट्ठा जाने के लिए दी रकम को वापस मांगने पर बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद। बसना थाना अंतर्गत ईंट भट्ठा जाने के लिए दी गई रकम को वापस मांगने पर तीन दिनों तक एक व्यक्ति को बंधक बनाकर मारपीट करने की घटना सामने आई है। शिवप्रसाद निषाद पिता मोहित राम निषाद (40 साल) इंदिरा नगर भंवरपुर ने पुलिस को बताया कि उत्तम पटेल साकिन अंसुला एवं उसके 03 अन्य साथियों से दिए पैसे को वापस मांगने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करते हुए स्कार्पियो क्रमांक ओडी 23 6355 में ले जाकर ग्राम अंसुला में 3 दिन तक बंधक बनाकर रखा था। प्रार्थी के बयान पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 365, 342, 330, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

खबर संक्षेप

छह आईएफएस बने सीसीएफ

रायपुर। भारतीय वन सेवा के 2006 बैच के छह अधिकारियों को राज्य शासन ने पदोन्नत किया है। इन अधिकारियों को मुख्य वनसंरक्षक (सीसीएफ) के पद एवं वेतनमान में पदोन्नति दी गई है। पदोन्नत अधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं- राजू अगासिमनी, विवेक आचार्य, माथेश्वरन व्ही., अरुण प्रसाद पी., डॉ. केनियल हाउतोली मैचियो और प्रभात मिश्रा। पदोन्नति आदेश वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्रालय की संयुक्त सचिव पुष्पा साहू के हस्ताक्षर से जारी हुआ है। राज्य शासन ने दो आईएफएस अधिकारियों को प्रोफार्मा पदोन्नति दी है। इमोतेमुस आओ, सतोविशा समाजदार को वन संरक्षक के पद एवं वेतनमान पर पदोन्नति दी गई है।

एस. प्रकाश को अतिरिक्त प्रभार

रायपुर। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी एस. प्रकाश, सचिव संसदीय कार्य विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, परिवहन विभाग, सचिव समाज कल्याण विभाग को उनके वर्तमान दायित्व के साथ आयुक्त निःशक्तजन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को यह आदेश जारी किया है।

राममय छत्तीसगढ़ ग्रंथ का किया विमोचन

रायपुर। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या को संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भांचा राम पर केंद्रीत ग्रंथ राममय छत्तीसगढ़ का विमोचन किया। ग्रंथ का विमोचन करते हुए उन्होंने कहा कि आम आदमी इस उत्सव में शामिल हो, तभी सार्थकता होगी, जिसके लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। इस अवसर पर मौजूद विधायक पुरंदर मिश्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ के राम विरासत पर अभी बहुत काम किया जाना है। इतिहासकार निगम लक्ष्मी शंकर ने छत्तीसगढ़ में राम के पुरातत्विक विषय पर व्याख्यान दिया। संस्कृति मंत्री के निवास पर आयोजित राममय छत्तीसगढ़ ग्रंथ के विमोचन समारोह में भारतीय सांस्कृतिक निधि के राज्य संयोजक एवं वरिष्ठ साहित्यकार अरविन्द मिश्र ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक को एकेडमिक बनाने के लिए विद्वान लेखकों की रचनाओं को सम्मिलित किया है। समारोह का संचालन विजय मिश्रा एवं आभार आशीष सिंह, राम पटवा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक तिवारी, आनंद वर्गीस, अमलेनदु हाजरा, सुनील बघेल, शेषनारायण, शैलेंद्र, भारती विभा, रत्ना पांडे, संजय शर्मा, आलोक शुक्ला आदि उपस्थित थे।

जल जीवन मिशन 12 इकाईयों के 234 कार्य निरस्त

रायपुर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा राजेश सिंह राणा द्वारा जोनल कार्यालय, रायपुर अंतर्गत जिला रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार, धमतरी एवं गरियाबंद अंतर्गत क्रेडा द्वारा संचालित और क्रियान्वित जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना, सोलर हाईमास्ट लाइट परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत कार्य को समयसीमा में पूर्ण न कर पाने कारण 12 इकाईयों के 234 कार्य निरस्त किए गए तथा सभी स्थापनाकर्ता इकाईयों को शीघ्रातिशीघ्र संयंत्रों की स्थापना गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए गए। राज्य में सौर सुजला योजना, जल जीवन मिशन, सोलर हाईमास्ट, ऑनग्रिड, ऑफग्रिड सोलर पॉवर प्लांट एवं संचालन, संधारण के अंतर्गत स्थापित और स्थापनाधीन संयंत्रों की गुणवत्तापूर्वक स्थापना सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण सेल का गठन किया गया।

दलदली में हुआ श्रीराम अष्टोत्तर शतदीप महाआरती

कल होगी यज्ञ की पूर्णाहुति और लगेगा मेला, मनोकामना अखंड ज्योत भी प्रज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पिछले 55 वर्षों से छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर सुरमयवादियों में स्थित दलदली के दुग्धेश्वर महादेव में 11 दिवसीय श्रीराम चरित मानस अष्टोत्तर महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष होने वाले इस आयोजन में पहली बार अष्टोत्तर शतदीप महाआरती में आचार्य पं पंकज तिवारी के सानिध्य में दिनेश महाराज, सूर्या महाराज, रितेश दुबे समेत एकादश पंडितों ने धूप, शंखनाद,कपूर के बाद 31-31 पांच दीपों से महाआरती की गई। इसमें मुख्य जजमान मार्कंडेय चंद्राकर के अलावा श्रीराम यज्ञ आयोजन समिति के सदस्य अनिल चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर ने भी मंदिर के ऊपर से आरती की। अयोध्या में श्रीराम लला के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर, गांव सभी में राममय का नजारा था। वहीं घने जंगलों के बीच स्थित दलदली में भी यह पर्व धूमधाम से मनाने के साथ ही याद को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए श्रीराम अष्टोत्तर शतदीप महाआरती की शुरूआत की गई। आरती के बाद आतिशबाजी का विशेष आकर्षण लोगों को लुभा रहा था। यहां गोमुंख से अविरल गंगा की धार प्रवाहित हो रही है। तालाब के चारों ओर 1 हजार से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए थे, जो बरबस ही लोगों को आकर्षित कर रहा था। वही यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने तालाब में दीपदान भी किया। अपने आराध्य श्रीराम के निरंतर जाप करने वाले महादेव दुग्धेश्वरनाथ के मंदिर में की गई विद्युत की सजावट की प्रतिबिंब देखते ही बन रहा था। मुख्य जजमान मार्कंडेय चंद्राकर ने बताया कि यह पहला आयोजन है, निरंतरता का प्रयास होगा। इस दौरान भूषण चंद्राकर, भीखम चंद्राकर, युवराज चंद्राकर, भुवनेश्वर चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, राजेश नायक, दिलीप जैन, मूलचंद लड्ढा, प्रजा जैन, बाबूलाल साहू, जुगनू चंद्राकर, ललित चांडक, सेवनलाल, चमन चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर समेत काफी संख्या में महिला-पुरूष मौजूद रहे। पौष पूर्णिमा (छेरछेरा) के दिन 25 जनवरी को यहां मेला लगेगा और इसी दिन यज्ञ की पूर्णाहूति होगी। उल्लेखनीय है कि प्रतिदिन सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक पूजन व यज्ञ विधान संपन्न किए जा रहे है। 3 बजे से शाम 5 बजे तक प्रवचन का आयोजन भी हो रहा है। यज्ञ के अवसर पर यहां मनोकामना के अखंड ज्योत भी प्रज्वलित किए गए है।

रामलला की आरती, हनुमान चालीसा का पाठ कर कैलेंडर वितरण किया : अंकित

महासमुंद। खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बागबाहरा नगर के इकलौते सैकड़ों साल पुराने राम जानकी मंदिर में साथियों सहित पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन कर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार साथियों समेत हनुमान चालीसा का पाठ किया। फिर नगर में भगवान राम की फोटो वाले सैकड़ों श्रीडी कैलेंडर का वितरण किया गया। इस अवसर पर अंकित बागबाहरा के साथ राकेश शर्मा, राजू यादव, रेहान कोहली, राजा दुआ, सुरेश पटेल, हीरा टंडन, प्रीतम पटेल, अंशुमान सिंह, ललित चंद्राकर, नेमीचंद चंद्राकर, पीतांबर ध्रुव, उमेलाल सोम, रिकेश पटेल, लिटेश उमाते, संतोष पटेल, बलराम ध्रुव, पप्पू बघेल, बलराम ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

अग्निवीर भर्ती के लिए लगाए जाएंगे विशेष कैंप

कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-सीमा की बैठक में अग्निवीर भर्ती अभियान के लिए स्कूल और महाविद्यालयों में 17 से 21 वर्ष के बीच अध्ययनरत बच्चों के प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक विकासखंड में प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला रोजगार अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि हायर सेकंडरी एवं महाविद्यालयों में जो बच्चे अध्ययनरत है अथवा उस आयु वर्ग में शामिल है, ऐसे बच्चों का चिन्हांकन कर शारीरिक दक्षता एवं प्रतियोगी परीक्षा के लिए विशेष कैंप लगाकर तैयार करें। इसके लिए हायर सेकंडरी एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी लोक सेवा केंद्रों एवं चॉइस सेंटर में अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की फीस प्रति आवेदन 30 रुपए से अधिक न हो। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत, एसडीएम उमेश साहू सहित जिला अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के लिए थीम आधारित झांकी निर्माण के निर्देश दिए गए। प्रमुख रूप से वन, महिला बाल विकास, पीएचई, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि विभागों की झांकी निकाली जाएगी। इसी तरह शालेय सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए भी आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इस वर्ष 6 सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी पात्र परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवश्यकतानुसार ऑपरेटर की व्यवस्था करें एवं मिशन मोड में आयुष्मान कार्ड बनाएं। विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों का आयुष्मान कार्ड भी बनाना सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान श्रवणबाधित बच्चों को श्रवण यंत्र वितरित करने में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना की समीक्षा करते हुए आरईएस विभाग को समय-सीमा से अधिक लंबित कार्यों के लिए पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कलेक्टर ने अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ सभी विभागों को कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अलावा महिला बाल विकास, नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं श्रम विभाग के योजनाओं की समीक्षा की गई।

सामाजिक सौहार्द्र बढ़ाने का एक साधन है मड़ई मेला: विधायक द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

ग्राम हाड़ाबंध में मड़ई मेला के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विधायक यादव ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कहा कि मेला सामाजिक सौहार्द बढ़ाने का एक साधन है। मेले में कार्यक्रमों का आयोजन भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए होना चाहिए। इस प्रकार के आयोजन से ग्राम के नव युवकों में आपसी भाईचारा एवं एकता बना रहता हैं और समय-समय पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन भी गांवों में होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। विधानसभा के सभी गांव का विकास करना प्राथमिकता में शामिल है। इस दौरान प्रमुख रूप से कोमल महानंद, विजय कुमार ध्रुव, रिंकू मिश्रा, भागवत चंद्राकर, राजू चंद्राकर, टीकाराम सेन, वीरेंद्र कुमार चंद्राकर, नीलकंठ यादव, राजेंद्र चंद्राकर, तुलाराम ध्रव, पन्नालाल चंद्राकर, निहाल ध्रुव, नागेश चंद्राकर, खेमलता सिन्हा, भीमेश चंद्राकर, लिलेश्वरी चंद्राकर, भागीरथी ध्रुव, रत्थू यादव, रेखू यादव, समारूलाल यादव, संतोष चंद्राकर, राधेश्याम चंद्राकर, विनय चंद्राकर, किशुन साहू, टिल्लू चंद्राकर, जगन्नाथ चंद्राकर, तोरण चंद्राकर, नेहरू ध्रुव, सोनू चंद्राकर, नील चंद्राकर सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

रामलला की स्थापना पर खैरा में मनाया दीपोत्सव

महासमुंद। ग्राम खैराभांठा एवं बस्ती में अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की स्थापना को लेकर घर आंगन को रंगोली से सजाकर दीपोत्सव मनाया गया। पूरा गांव भगवा रंग में रंगा नजर आया। सुबह से शाम तक ग्रामीण श्रीराम की भक्ति में लीन दिखे। दिनभर धार्मिक आयोजनों का दौर चला। गांव में सुबह से अतिशबाजी, बाजे गाजे डीजे के साथ कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दोपहर को हवन पूजन करने के बाद प्रसादी वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया। गांव के श्रीराम जानकी, हनुमान मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, गायत्री मंदिर को लाइटिंग तथा भगवा तोरण पताका से सजाया गया था। शाम को प्रसादी वितरण पश्चात रामायण पाठ किया गया।

विधायक ने निषाद समाज भवन का किया लोकार्पण

ग्राम कोमा में आयोजित भक्त गुहा निषाद राज जंयती में शामिल हुए खल्लारी विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

निषाद समाज द्वारा आयोजित भक्त गुहा निषाद राज जंयती में खल्लारी विधायक द्वाकिरधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने समाज के लोगों के लिए नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया।

सोमवार को ग्राम कोमा खल्लारी में गुहा निषाद जयंती समारोह व सामाजिक भवन का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अध्यक्षता खल्लारी परिक्षेत्र के अध्यक्ष भगतराम निषाद ने की। विशेष अतिथि के रूप में रवि निषाद, जानकी निषाद, ओमप्रकाश यादव, सविता गोस्वामी, ओमप्रकाश साहू, उखराम निषाद मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। बाद इसके मुख्य अतिथि विधायक यादव के ग्राम पहुंचने पर सामाजिकजनों व ग्रामीणों ने स्वागत किया।

मुख्य अतिथि यादव ने पूजा-अर्चना कर सामाजिक भवन का लोकार्पण किया और यहां आयोजित भक्त गुहा निषाद राज जयंती में शामिल हुए। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि निषाद समाज बहुत मेहनती और स्वाभिमानी है। अपनी मेहनत के बल पर समाज के लोग जीवनयापन करते रहे हैं। समाज में जागरुकता और एकता हर समाज को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होती है। यह जागरूकता बिना शिक्षा से जुड़े संभव नहीं है। बेहतर कैरियर बनने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। गरीबी दूर होगी और आप बेहतर तरीके से जीवनयापन कर पाएंगे। विधायक यादव ने कहा कि भवन बनने से अब सामाजिक कार्यक्रमों में सहूलियत हो सकेगी।

जनभागीदारी से आंगनबाड़ी को स्वच्छ बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आंगनबाड़ी केंद्रों को 10 से 25 जनवरी के अंदर निर्मल आंगनवाड़ी अभियान के तहत स्वच्छ और सुसज्जित किया जा रहा है। इसमें ग्राम पंचायत सदस्य, पालक, युवा, बच्चों एवं किशोरी बालिकाओं की सहभागिता है। आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रवेश द्वार, परिसर और बरामदे को साफ-सुथरा रखने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। अंदर के कमरे के फर्श को साफ रखना, खाद्य वस्तुओं को साफ रखना, उपयोगी सामग्री, खिलौने, पोस्टर, प्ले कार्ड आदि को रचनात्मक ढंग के व्यवस्थित करना और बच्चों की पहुंच में रखना, एक्सपायरी डेट की दवाओं आदि का निपटान करना आदि। इस अभियान में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान का नेतृत्व सरपंच एवं सचिव द्वारा किया जा रहा है।

निर्मल आंगनबाड़ी अभियान के तहत गत दिवस बागबाहरा ब्लॉक के जनपद सीईओ फकीरचरण पटेल द्वारा पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर ऋचा एवं गांधी फेलो शुभम के साथ मिलकर सरपंच एवं सचिव को वीसी के माध्यम से अपने अपने गांव के आंगनबाड़ी को निर्मल बनाने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने एवं उनकी क्या भूमिका है इससे अवगत करवाया गया। साथ ही हर महीने कम से कम एक बार अपने गांव के सभी आंगनबाड़ियों में दौरा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर के सहयोग से 6 कार्यशालाओं के माध्यम से 12 सेक्टरों के 350 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सामुदायिक भागीदारी के साथ आंगनबाड़ियों को साफ स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा पर हवन पूजन के साथ प्रसाद वितरण

महासमुंद। नागरिक आपूर्ति निगम छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के कर्मचारियों एवं हमाल संघ द्वारा राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना, हवन पूजन, भंडारा के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान डिकेश वर्मा, इंद्रपाल सिंह, भानू नायक, उपेंद्र यादव, शिव माडवी, दिलीप यादव, युवराज महानंद आदि मौजूद रहे।

पिथौरा। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में निकाली गई भव्य शोभायात्रा का विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने पूजा अर्चना कर स्वागत किया। ऐतिहासिक कार्यक्रम की सराहना की। रात्रि में हुए भजन संध्या का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। नाइट आर्केस्ट्रा का पूरी रात लोगों ने भक्तिमय ढंग से आनंद लिया।

महासमुंद लोकसभा के लिए भाजपा ने नियुक्त किया शंकर को किया संयोजक

पिथौरा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए छत्तीसगढ़ के ग्यारह लोकसभा सीटों के लिए प्रभारी एवं संयोजक नियुक्त किए हैं। इसी तारतम्य में महासमुंद लोकसभा के संयोजक के रूप में भाजपा के कई महत्वपूर्ण पदों में रह चुके शंकर अग्रवाल को नियुक्त किया गया है।

बता दें कि शंकर अग्रवाल भाजपा के पूर्व ज़िलाध्यक्ष, पूर्व प्रदेश मंत्री का भी दायित्व बखूबी निभा चुके है और अभी हाल में संपन्न हुए विधानसभा के चुनावों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छत्तीसगढ़ में जितनी भी सभाएं हुई उनके सभा प्रभारी के रूप में बड़ी ज़िम्मेदारी को निभाया है। प्रदेश नेतृत्व हमेशा ही उनको बड़ी ज़िम्मेदारी सौंपती है। जैसे ही शंकर अग्रवाल की महासमुंद लोकसभा संयोजक की नियुक्ति हुई उनके समर्थकों में ख़ुशी की लहर दौड़ गई। उनके कट्टर समर्थक युवा भाजपा नेता विक्की सलूजा के नेतृत्व में अपने सैकड़ों युवाओं के साथ उनके कार्यालय पहुंचकर आतिशबाजी कर शंकर अग्रवाल को फूल

मालाओं से लाद दिया गया। इस अवसर पर विक्की सलूजा ने कहा कि आज हम सब के लिए बेहद ख़ुशी का दिन है जब हमारे नेता हमारे मार्गदर्शक जिनके नेतृत्व में हम सब संगठन का काम करते है शंकर अग्रवाल को पार्टी संगठन द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों के मध्यनज़र बहुत बड़ी ज़िम्मेदारी से नवाज़ा गया है। उनके नेतृत्व में हम महासमुंद लोकसभा का चुनाव तो जीतेंगे ही साथ पूरे छत्तीसगढ़ की ग्यारह सीटों पर भी भाजपा का कमल खिलेगा। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश बंसल, भाजपा के मंडल महामंत्री आशीष शर्मा, सांसद प्रतिनिधि जतिन ठक्कर, सांसद प्रतिनिधि दुलीकेशन साहू, सरपंच प्रियरंजन कोसरिया, उपसरपंच पंच राम मटियारा, पूर्व पार्षद रविंदर आज़मानी, भाजयुमो महामंत्रीद्वय दुर्गेश सिन्हा, सौरभ अग्रवाल, राजा खनूजा, जीवन तांड़ी, विमलेश चौरसिया, प्राशु मिश्रा, अंशु सिन्हा, राकेश मारवी, सूरज यादव, उत्कर्ष दीक्षित, दीपक श्रीवास, किशन धुर्वे, दुतेश निर्मलकर, शुभम यदु, श्रवण शर्मा सहित युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई

महासमुंद। ग्राम खरोरा में भारत देश के आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता, रेखा चंद्राकर, ममता चंद्राकर, शिवकुमारी चंद्राकर, माधुरी चंद्राकर, मीना चंद्राकर, ममता चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

राममय हुआ बम्हनी

महासमुंद। ग्राम बम्हनी में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा एवं जय दुर्गा मानस लीला मण्डली द्वारा राम, लक्ष्मण सीता और हनुमान का जीवंत झांकी निकाली गई। जानकारी देते हुए रामेश्वर पांडेय ने बताया कि अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण के साथ हवन पूजा दुर्गा मंदिर में राम की 108 बार जाप के साथ किया गया। जिसमें रामायण का पाठ करने के साथ भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें गांव के सभी राम भक्त सम्मिलित हुए। ग्रामीणों ने संध्या के समय अपने घर में दीपक जलाकर एक बार फिर दिवाली मनाई।

ऋण राशि को अदा करने की अपील

महासमुंद। जिला अंत्यावसायी सहकारी समिति महासमुंद द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग योजनाओं के तहत ऋण वितरण किया गया है। जिसकी ऋण वसूली लक्ष्य पूर्ति के लिए सभी वर्ग के हितग्राहियों से प्रभारी कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने अपील करते हुए कहा है कि संबंधितों द्वारा जिला अंत्यावसायी महासमुंद से ली गई ऋण की राशि नियमित रूप से अदा करें, जो हितग्राही कालातीत (डिफाल्टर) है वे अपना ऋण राशि विभागीय कार्यालय एवं कर्मचारियों के पास शीघ्र जमा कराएं। राशि जमा नहीं करने पर आपके विरूद्ध या आपके जमानतदार के विरूद्ध ठोस कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए हितग्राही स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने अजा, अजजा, अन्य पिछड़ा वर्ग, सफाई कामगार एवं अल्पसंख्यक वर्गों में वितरित किए गए ऋण राशि की वसूली के लिए समाज प्रमुख, पार्षद एवं अन्य सम्मानीय व्यक्तियों को सहयोग करने के लिए अपील की है।

सलिहाभांठा में निकाली गई कलश यात्रा, रहा दिवाली जैसा उत्साह

राम बने बच्चों का घर-घर स्वागत, पूजा कर खुशहाली का मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

समीपस्थ ग्राम सलिहाभांठा में बच्चों के साथ गांव वालों ने कलश यात्रा निकाली। गांव में दीवाली जैसा उत्सव रहा। गांव में शीतला मंदिर से लोगों की कलश यात्रा निकली। ढोल मजीरा के साथ संगीतमय माहौल में गीत-गाते, नाचते-झूमते गांव भ्रमण किया गया। इस दौरान राम बने बच्चों का प्रत्येक घरों में आरती सजाकर स्वागत करते हुए आरती उतारा गया। कलश यात्रा जैसे-जैसे गांव में आगे बढ़ता गया, गांव की महिलाएं, बच्चे कलश यात्रा में अपने कलश लेकर शामिल होते गए। प्रत्येक घरों में भ्रमण पश्चात देर शाम हनुमान मंदिर में कलश यात्रा का पड़ाव हुआ। यहां गांव वालों के द्वारा पूजा-अर्चना कर सभी को प्रसाद वितरण किया गया। कलश यात्रा में पिरीत राम साहू, गोरेलाल साहू, दौलत दीवान, घांसु राम दीवान, नंद बईगा, पंचराम ध्रुव, संतु ध्रुव, तिलक साहू, बिसनी दीवान, लगन बाई ध्रुव, राजकुमारी यादराम साहू, पूर्णिमा यादव, प्रमिला दीवान, प्रेमा दीवान, सुशीला साहू, भोजराम साहू, हीरालाल साहू, झड़ीराम दीवान, त्रिलोकी साहू, तिलक यादव, कृष्णा दीवान, वामन देव साहू, हितेश दीवान, भुवन साहू, गजेंद्र दीवान, दयालु ध्रुव, एसकुमार दीवान, भीखम दीवान मौजूद रहे।

दीपक जलाकर रामलला का स्वागत

महासमुंद। भगवान श्रीराम लला के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के स्वागत के लिए दीपोत्सव के साथ भगवान राम के नाम अपने प्रतिष्ठान में मनोज मालू, रेखा मालू, सौरभ मालू, आकांक्षा मालू, बेटियां तिशा, ईशा मालू समेत मालू परिवार ने दीप प्रज्वलित किया।

यूथ फाउंडेशन ने किया पुलिस प्रशासन का सम्मान

महासमुंद। रामलला के भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव (22 जनवरी) के उपलक्ष्य में विगत दिनों से चल रहे सभी भव्य धार्मिक आयोजन एवं कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए महावीर यूथ फाउंडेशन ने पुलिस अधीक्षक राकेश कुकरेजा एवं पुलिस प्रशासन की पूरी टीम का शॉल, फल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार जताया। इस अवसर पर महावीर यूथ फाउंडेशन के सदस्य सौरभ मालू, तन्मय लूनिया, श्रेयांश कोटडिया, जिनेश मालू, वैभव बोथरा, यश लूनिया, आदित्य छलानी एवं शुभम जैन मौजूद रहे।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे जनसमर्थन से भाजपा में बेचैनी: विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- भाजपा शासित राज्यों में राहुल गांधी की यात्रा पर व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा

पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को भारतीय जनता पार्टी व विशेष कर असम की सरकार द्वारा रोकने का प्रयास किया जा रहा है, भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रा पर हमला करने से साफ जाहिर होता है कि भाजपा राहुल गांधी की यात्रा से डरी हुई है। राहुल गांधी की यात्रा के दौरान बेरोजगारी, महंगाई को लेकर जो सवाल सामने आ रहे हैं। इन बातों को लेकर लोग यात्रा से जुड़ रहे हैं। पूरे देश में केंद्र सरकार के खिलाफ माहौल बनता दिख रहा है, जिससे भाजपा में बेचैनी है। मोदी के इशारे पर भाजपा शासित राज्यों में गांधी की यात्रा पर व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा है। इसका स्पष्ट उदाहरण असम में देखने को मिल रहा है। जहां न्याय यात्रा पर हमला एवं राहुल गांधी को एक मंदिर में जाने से रोका गया। चंद्राकर ने कहा कि गोडसे की विचारधारा से प्रेरित लोग जनता और कांग्रेस से डर रहे हैं। इसी घबराहट में ऐसे असंवैधानिक कदम भाजपा की सरकार उठा रही है।

गणतंत्र यात्रा में शामिल हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक चातुरी नंद के नेतृत्व में चलाई जा रही गणतंत्र यात्रा में छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का बाजे गाजे के साथ ग्राम केदुवा में स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद दीपक बैज ने ध्वजारोहण कर किया। तत्पश्चात राज्यगीत और राष्ट्रगान हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और बस्तर सांसद दीपक बैज ने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए हमने लंबी लड़ाई लड़ी तब जाकर हम तिरंगा झंडा शान से फहरा पा रहे है। उन्होंने गांधी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की इस मुहिम के लिए विधायक चातुरी नंद और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाई। कार्यक्रम को विधायक चातुरी नंद समेत अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, शहर अध्यक्ष रामनारायण आदित्य, पूर्व मंडी अध्यक्ष सीता पटेल, महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष दीपांजलि बारीक, भंवरपुर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिदार, लोहारीनडीपा सरपंच घसिया सिदार, यूथ कांग्रेस के शहर अध्यक्ष, भरत मेश्राम, अनिल पटेल, भीष्म पटेल, अरमान हुसैन, संत कुमार पटेल, संतलाल बारिक, इंटक जिलाध्यक्ष नीलांबर सोनी, अमृत पटेल, दुष्यंत साहू, फेमिदा तब्बासुम, अमित पठानिया, दीपक साहू, विक्की सुरजीत शर्मा समेत कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सरपंच नेता तेजराम पटेल और आभार प्रदर्शन बरीहा ने किया।

स्वास्थ्य शिविर में लाभान्वित हुए 50 से ज्यादा मरीज

महासमुंद। स्थानीय बरोंडा चौक में स्थित पतंजलि आरोग्य केंद्र में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 50 से भी ज्यादा मरीजों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ पाया। इस शिविर में पतंजलि से प्रशिक्षित वैध सुभाष साहू, योगाचार्य एवं एक्यूप्रेशर थैरेपिस्ट दीपक वैष्णव, जय प्रताप साहू, आरोग्य केंद्र के नितेश कुमार साव, रीना साव, कमल यादव के सहयोग से यह शिविर सफल हुआ। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच की गई। साथ ही विभिन्न प्रकार के बीमारियों से संबंधित जानकारी दी गई। शिविर में बड़ी संख्या में शहर के लोग लाभान्वित हुए।

खट्टी स्कूल में छात्रों का सिकलसेल जांच

महासमुंद। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में शिविर लगाया गया। जिसमें आरएचओ कुंती साहू द्वारा सिकलसेल जांच की गई। इसमें 162 बच्चों का टेस्ट किया गया। इस दौरान शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी के प्रधान पाठक लीना पांडे, शिक्षिका सुनीता ध्रुव एवं एसएमसी के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू उपस्थित रहे।

प्राण प्रतिष्ठा पर नेहरू चौक में प्रसाद वितरण

महासमुंद। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर स्थानीय नेहरू चौक में नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू के नेतृत्व में प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें नगर के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आकाश ठाकुर, रत्नेश साहू, शाहबाज़ राजवानी,आशीष चंद्राकर, शुभम चंद्राकर, पुष्कर साहू, दामू साहू, टेकेंद यादव, आयुष भोसले,दीपक धीवर, मानसिंग धीवर, पवन कन्नौजे, शरद यादव, परमेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

नर्रा क्षेत्र के गांवों में निकाली गई रामलला की झांकी

नर्रा। अयोध्या स्थित रामलला मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पर क्षेत्र के गांव भी राममय रहा। सुबह से अपने घरों में रंगोली सजाकर दीप जला कर सुशोभित व हनुमान, राम जानकी मंदिर को झालर लाइट एवं गांव के गलियों को भगवा तोरन पतका से आकर्षक ढंग से सजाया गया और पूजा-अर्चना कर राम भक्तों को भंडारा प्रसादी का वितरण भी किया गया। वहीं शाम को घर-घर आस्था के दीये जलाए गए। दिवाली की तरह जमकर पटाखे फोड़े गए। इसके अलावा क्षेत्र के अनेक गांवों में कलश शोभायात्रा का आयोजन भी किया गया। गांवों में जुलुस के माध्यम से राम सीता और लक्ष्मण का वेषभूषा में राम झांकी निकाली गई। पूरे अंचल राम की भक्ति में डूबे रहे।

शिशु संस्कार केंद्र के छात्रों ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अयोध्या स्थित राम मंदिर प्राण

- नेहरू चौक पर नृत्य का प्रदर्शन कर जताई खुशी

प्रतिष्ठा समारोह पर स्थानीय शिशु संस्कार केंद्र एवं संस्कार पब्लिक स्कूल के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो विद्यालय प्रांगण से निकलकर शहर के मुख्य मार्ग से होता हुआ श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना के साथ समाप्त हुआ। इस मौके पर ढोल गाजे बाजे एवं छात्रों द्वारा शहर के हृदय स्थल नेहरू चौक पर नृत्य का प्रदर्शन कर खुशी जाहिर की गई एवं पटाखे फोड़े गए। इस अवसर पर विद्यालय शिशु कल्याण समिति के अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शरद जैन, प्रबंधक मनोहर महांती एवं विद्यालय के प्राचार्य समीर चौधरी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, संस्कार पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य गुरुप्रीत कौर, चंद्रकांता ठाकुर, भावना गांधी आदि मौजूद रहे।

श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की चैतन्य झांकी सजाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूरे भारत वर्ष में 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान नगर के बस स्टैंड के सामने अमूल गंगा कांप्लेक्स में एक दिवसीय चैतन्य झांकी का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीराम, लक्ष्मण, सीता माता और भक्त हनुमान की चैतन्य झांकी सजाई गई। दाऊलाल चंद्राकर, बलराम लालवानी, सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति बहन ने दीप प्रज्वलित कर झांकी प्रारंभ किया। सभी ब्रम्हा कुमारी भाई बहनों ने इस खुशी के अवसर पर दीपक जलाकर अमन और शांति का संदेश दिया।

खट्टी स्कूल में छात्रों का सिकलसेल जांच

महासमुंद। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में शिविर लगाया गया। जिसमें आरएचओ कुंती साहू द्वारा सिकलसेल जांच की गई। इसमें 162 बच्चों का टेस्ट किया गया। इस दौरान शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी के प्रधान पाठक लीना पांडे, शिक्षिका सुनीता ध्रुव एवं एसएमसी के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू उपस्थित रहे।

शहीद स्मारक में दीपक जलाकर मनाया दीपोत्सव

महासमुंद। अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर ग्राम खरोरा के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना विधि-विधान के साथ हुआ। इसके साथ ही शहीद स्मारक खरोरा में शहीदों के नाम दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन एवं महिला समिति, अध्यक्ष युवराज चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, सनत चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, युवराज चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

स्कूलों में बूंदी प्रसाद का वितरण

महासमुंद। स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को संचालित करने वाली समिति आदर्श शिक्षा मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष एवं स्थायी सदस्य राजेश लूनिया द्वारा अयोध्या में रामजी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उत्साह एवं हर्षित भाव से शहर के सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर पिटियाझर, वृद्धा आश्रम नयापारा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं शहर के अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बूंदी प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के अध्यक्ष घनश्याम सोनी एवं सदस्य अशोक चौरड़िया, विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

बैठक में बकाया टैक्स वसूली के लिए बकायादारों से संपर्क करने के निर्देश

महासमुंद। नगर पालिका राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक अनीष कुमार ठाकुर द्वारा टैक्स वसूली प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें बकाया टैक्स वसूली के लिए बकायादारों से सतत संपर्क करने एवं टैक्स वसूली के लिए डिमांड बिल वितरण करते हुए निर्धारित लक्ष्य अनुसार टैक्स वसूली में प्रगति शत-प्रतिशत लाने के लिए निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में राजस्व रीडर गुमान सिंह ध्रुव, वार्ड प्रभारी शुभम सोना, जय किशन सोनी, ललित साहू, अरुण चंद्राकर, चंद्रशेखर पाटकर, ललित चंद्राकर, मुरारी साहू, अनुराग गुप्ता, प्रकाश यादव, प्लेसमेंट कर्मचारी राहुल यादव, धनेंद्र चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

वैश्विक स्थिति निर्धारण पर व्याख्यान का आयोजन

भौगोलिक सूचना प्रणाली से सूचना प्राप्त करने के लिए जीपीएस का होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय मचेवा में भूगोल परिषद द्वारा जीपीएस (वैश्विक स्थिति निर्धारण) विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में ह्यूमा लिली दीवान सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको रहे। श्रीमती दीवान ने अपने वकतव्य में जीपीएस के इतिहास, संरचना एवं उसके उपयोग को विस्तार से बताते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उसकी उपयोगिता को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। भौगोलिक सूचना प्रणाली से सूचना प्राप्त करने के लिए जीपीएस का होना आवश्यक है, इसके अभाव में किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त नहीं की जा सकती। 2018 से भारत ने अपने स्वयं और आसपास के देशों के निगरानी के लिए जीपीएस का विकास किया तथा वर्तमान में उसका उपयोग सैन्य क्षेत्रों में उपयोग किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में सामान्य लोगों को भी इसकी उपयोगिता का लाभ मिलेगा। साथ ही छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी श्रीमती दीवान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ सरस्वती वर्मा, भूगोल विभागाध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल, सहायक प्राध्यापकगण डॉ मनोज कुमार शर्मा, ओंकार प्रसाद साहू, अरविंद साहू, खगेश्वर प्रसाद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार जगदीश प्रसाद खटकर ने किया।

खबर संक्षेप

दिव्यांगजन प्रमाण पत्र बनाने शिविर की मांग

बागबाहरा। पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर ने बताया कि शहर में ऐसे कई परिवार दिव्यांग है और गरीबी से जूझ रहे है तथा जानकारी के अभाव व कुछ आर्थिक स्थिति के चलते दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिला अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहे है। जिसके चलते इनको शासन से मिलने वाली योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए ब्लाक मुख्यालय में एक निश्चित समय देखकर 2 से 3 माह में शिविर लगाने की मांग की। पार्षद चंद्राकर ने ब्लाक चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

नयापारा भलेसर में मड़ई मेला कल

महासमुंद। ग्राम नयापारा भलेसर में 25 जनवरी गुरुवार को छेरछेरा पूर्णिमा पर मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मोर मयारू नाच पार्टी ग्राम लारिया पलारी (बलौदाबाजार) का कार्यक्रम होगा।

बिरकोनी में रक्तदान शिविर कल

महासमुंद। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पौष पूर्णिमा पर 25 जनवरी गुरुवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 तक रक्तदान शिविर का आयोजन औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी द्वारा मां चंडी मंदिर परिसर बिरकोनी में किया गया।

धार्मिक कार्यक्रम : मानस मंडलियों एवं बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा आकर्षण का केंद्र

रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर झूम उठा पूरा इमलीभाठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

22 जनवरी को रामलाल प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा शहर सहित इमलीभाठा राम भक्ति में जूझते नजर आया। सभी मंदिरों में पूजा अर्चना प्रसाद वितरण के साथ राधाकृष्ण मंदिर इमलीभाठा में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। प्रातः 11 बजे से अयोध्या से सीधे प्रसारण को प्रोजेक्टर के माध्यम से जनमानस को दिखाया गया। कार्यक्रम संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि धमतरी, सनौद से पधारे जय सरस्वती मानस मंडली, जय बजरंग मानस मंडली इमलीभाठा (जगदीश साहू एवं टीम), आंजनेय महिला मानस मंजली (संगीता गोस्वामी एवं टीम), श्रद्धा भक्ति मानस मंडली (संध्या गोहिल एवं टीम), राधा कृष्ण मानस मंडली (राम्हीन साहू एवं टीम) के मानस प्रवाह से लोग श्रीराम की भक्ति में डूबते हुए नजर आए।

वहीं शाम दीपोत्सव व आतिशबाजी पश्चात 7 बजे स्कूली बच्चों का राम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वृंदावन विद्यालय, मां गायत्री उमावि सहित चांदनी नामदेव, माधवी सोनी, शिवानी निषाद के मनमोहक नृत्यों एवं गीत सिंह की गीत, तानु सोरी, सुनिधि यादव, इशिका लक्ष्मी गुप्ता, तीरन सोनवानी ने अपने गीतों से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। वृंदावन विद्यालय द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका एवं श्रीराम पर आधारित झांकी ने सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रुप से बद्रीनाथ

धाम से पधारे स्वामी अमृतानंद महाराज (बर्फानी बाबा), पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, आरएसएस के सह प्रांत कार्यवाह घनश्याम सोनी, सतपाल सिंह पाली, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की धर्मपत्नी प्रिया सिन्हा, पार्षद गण देवीचंद राठी, राहुल चंद्राकर, पूर्व पार्षद प्रभा साहू, राजेश चंद्राकर, दिनेश बेहरा, डॉ संजीव कर्माकर सहित शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सभा को संबोधित करते हुए डॉ चोपड़ा ने कहा कि बात भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की नहीं, भारत के स्वाभिमान की है। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर के लिए हजारों लोगों ने अपनी बलिदान दिया है। आज सचमुच बेहद भावुक कर देने वाला पल है। प्रभु श्रीराम अयोध्या में निर्मित भव्य मंदिर में स्थापित हो रहे हैं। घनश्याम सोनी ने कहा कि आज का दिन अविस्मरणीय रहेगा। राम मंदिर का निर्माण एवं श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा भारत वर्ष को अखंड भारत की ओर अग्रसर करेगा।

इस अवसर पर बस्ती प्रमुख विजय चंद्राकर, एमआर विश्वनाथन, योगेश कश्यप, माखन पटेल, पप्पू ठाकुर, हनीश बग्गा, सुजाता विश्वनाथन, सुदामा मिश्रा, राजेश सोनी, बंशी साहू, डीआर सोरी, विनोद सिंह, खिलावन धनकर, चंद्रशेखर गौर, शंकर बेहरा, विनोद चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, महावीर पवार, रमेश पंचेश्वर, नेमीचंद अग्रवाल, भूपेंद्र सार्वा, अमित देवांगन, लालाराम साहू, सुरेंद्र अग्निहोत्री, संतोषी सारथी, खिलावन यादव, राजकुमार श्रीवास, शैलेंद्र सोनी, लोकनाथ ठाकुर, छेदी राठौर, वेणु गोपाल, इंदु मिश्रा, कविता चंद्राकर, चमन चंद्राकर, दयालू राम चंद्राकर, नेमीचंद देवांगन, गीता सेन, सुनपना ठाकुर, ममता सोनी, जया वर्मा, सविता चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में इमलीभाठावासी एकत्रित थे। कार्यक्रम का संचालन टेकराम सेन, जी. विजय लक्ष्मी ने किया। उक्त जानकारी देते हुए बस्ती प्रमुख विजय चंद्राकर ने सभी का आभार जताया है।

अछरीडीह में राम धुन के साथ निकाली गई झांकी

भजन कीर्तन के साथ किया गांव भ्रमण, लगे श्रीराम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सरस्वती शिशु मंदिर अछरीडीह में रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा में सहभागिता पर नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान को रथ में विराजित कर झांकी निकाली गई। भजन कीर्तन करते हुए ग्राम भ्रमण कराया गया। इस दौरान जय सियाराम की जयकारे घोष गुंजायमान रहा। स्वागत द्वार बनाकर जगह जगह अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा का समापन विद्यालय में हुआ। रामजी की पूजा अर्चना कर महाप्रसादी वितरण किया गया। आचार्य और दीदीयों द्वारा राम के घर वापिस आने पर दिवाली मनाने का आह्वान किया, जिसको लेकर विद्यर्थियों द्वारा स्कूल व घर के आंगन व सार्वजनिक चौराहे, मंदिर में दीप जलाकर रोशन किया। जिसे लेकर छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह रहा। देर रात तक पटाखों के साथ आतिशबाजी की गई। महिलाएं मांगलिक कार्य को लेकर घर आंगन को रंगोली से सजाकर दीप प्रज्वलित की गई।

23वीं राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन में बेमचा स्कूल की बालिका टीम द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा से 23वीं राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 19 से 21 जनवरी तक राजीव लोचन स्टेडियम राजिम में हुई। जिसमें महासमुंद जिला की ओर से कोच के मार्गदर्शन एवं खेल शिक्षक सेवन दास मानिकपुरी मैनेजर के नेतृत्व में बेमचा स्कूल के बालिका टीम ने कबीरधाम जिला को कड़ी टक्कर देते हुए राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान की ट्रॉफी महासमुंद जिला के नाम बेमचा स्कूल के बालिका टीम ने किया।

इस टीम में वर्षा कोसरे, दामिनि निषाद, तान्या, टीना, लवीना, मधु, हिना सम्मिलित थीं। बालिकाएं विजयी भाव से जब ट्रॉफी को

समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों की उपस्थिति में प्राचार्य के हाथों सौपें तो पूरे विद्यालय परिवार गदगद होकर तालियों की गड़गड़ाहट के हर्ष जताया। खुशी और दोगुनी हो गई कि जब बताया गया कि तान्या और हीना का चयन राज्य स्तरीय बाल बैडमिंटन टीम के लिए हुआ है। यह टीम छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए 10 से 14 मार्च पटना बिहार में राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में सहभगिता करेंगे। संस्था के प्राचार्य एसएल पाटकर ने कहा कि बालिका टीम की इस उपलब्धि ने विद्यालय के साथ महासमुंद जिला का नाम रोशन किया है।

विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षक स्टाफ से पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, तुलेंद्र सागर, नवीन चंद्राकर, पीएल साहू, तारिणी कहार,महेश्वरी साहू, वीके तिवारी, कुन्ती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, सेवनदास मनुकपुरी, विनोद वर्मा, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, सुमन भारती कोसरे, पार्वती चंद्रा, कार्यालयीन स्टाफ से शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, चेष्टा राय, प्रदीप यादव एवं छात्र-छात्राओं सभी ने खुशी जाहिर की।

बैठक में सतनाम संस्कृति रीति-नीति व सामाजिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने का लिया निर्णय

छग सतनामी समाज बेलसोंडा परिक्षेत्र का गठन, गोर्वधन बांधे बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के तत्वावधान में समाज को संगठित करने व सामाजिक न्याय प्रणाली को मजबूत बनाने तथा सतनाम संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से महासमुंद ब्लॉक में अलग-अलग परिक्षेत्र के अनुसार अठगवां कमेटी का गठन किया जा रहा है। जिसके तहत बेलसोंडा में खरोरा, साराडीह, नांदगांव, बेलसोंडा, मुढ़ेना, घोड़ारी, बरबसपुर, बिरकोनी, नयापारा के समाजजन व जिला ब्लॉक पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक हुई।

बैठक में दिनेश बंजारे प्रदेश अध्यक्ष यूथ, विजय बंजारे जिलाध्यक्ष, तरुण व्यवहार जिलाध्यक्ष यूथ व राजेश रात्रे जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा प्रदेश, जिला, ब्लॉक में किए जा रही कार्यों, सामाजिक गतिविधि, संस्था के नियमवाली और पदाधिकारियों की आदर्श आचरण व संगठित होने की जरूरत पर विस्तार से विचार रखा गया। बैठक उपस्थित ग्राम प्रमुख, भंडारी, झाड़ीदार समाजजनों ने अठगंवा कमेटी का गठन बेलसोंडा परिक्षेत्र के नाम से करने का निर्णय लिया। इसमें गोवर्धन बांधे मुढ़ेना को सर्वसम्मति से अध्यक्ष व उपाध्यक्ष मुरली बघेल बेलसोंडा, जयलाल ढीढी बरबसपुर, जगतपाल चेलक नयापारा, द्वारिका मांडले बिरकोनी व सचिव के लिए राकेश जांगडे बेलसोंडा, सहसचिव महेंद्र भारती साराडीह, कोषाध्यक्ष राजेश रात्रे बरबसपुर, प्रवक्ता राजू मन्नाडे घोड़ारी, मीडिया प्रभारी मोहित सोनवानी मुढ़ेना को मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में भूषण परमार नांदगांव, शत्रुहन कुर्रे साराडीह, गज्जू सोनवानी मुढ़ेना, निरंजन बघेल बेलसोंडा, राजेश टंडन बिरकोनी, सुखचंद सोनवानी बरबसपुर, प्रवीण बंसल नयापारा व सरंक्षक मदन सोनवानी बरबसपुर को बनाया गया। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव गणेश टंडन तथा आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती ने किया। बैठक में जिला कार्यकारिणी सदस्य खोसिल गेंड्रे, घनश्याम जांगडे, ब्लॉक कार्यकारिणी योगेश मधुकर, फनेंद्र बंजारे, महादेव चतुर्वेदी, सचिन गायकवाड़, लक्ष्मन रात्रे, संतोष नवरंगे, शिव कोसरे, राजकुमार सोनवानी, रविशंकर जांगडे (ब्लाक मीडिया प्रभारी), रामनारायण जांगड़े, हेमंत ढीढी, कामता सोनवानी, भुनेश्वर बांधे, मोहन लाल, धरम दास, प्रेमसागर, पुनाराम मिरी, भुखन पाटले, मनोहर सोनवानी, संतराम बंजारे, मानदास, चंद्रिका सोनवानी, गोविंद बंजारे, पुनीत राम परमार, प्रवीण वंस, मोहन चेलक आदि मौजूद रहे।

केंवट समाज ने निकाली शोभायात्रा

नर्रा। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर नर्रा से लगे ग्राम कुरुमुंडा ओडिशा के केंवट समाज द्वारा डीजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रीराम व निषादराज के प्रसंग पर चर्चा हुई। जिसमें केंवट राम से कहता है कि मैंने तुम्हारा भेद जान लिया है। सभी कहते हैं कि तुम्हारी पैरों की धूल से एक पत्थर से सुंदर स्त्री बन गई थी। मेरी नाव तो लकड़ी की है प्रभु कही। इस नाव पर तुम्हारे पैर पड़ते ही यह भी स्त्री बन गई तो मैं लुट जाऊंगा। यही नाव मेरे परिवार का भरण पोषण करती है। इस झांकी की लोगों ने दर्शन किए।